# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

क्रमांकः 190 /भण्डार/2022 भोपाल, दिनांकः 03-08-2022

## टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन हेतु द्वितीय ई–निविदा वर्ष 2022

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों हेतु "टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन हेतु निविदा – वर्ष 2022" आन–लाईन ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र, शर्तें, विस्तृत जानकारी तथा निविदा में भाग लेने हेतु वेब साईट https://mptenders.gov.in पर लाग–आन करें।

निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1,000=00 (रू. एक हजार मात्र) हैं तथा सुरक्षा निधि राशि रूपये 50,000=00 (रू. पचास हजार मात्र) हैं। इन्हे आन–लाईन जमा किया जाना हैं।

निविदा का अनुमानित मूल्य रूपये 25,00,000=00 (रू. पच्चीस लाख मात्र) हैं। निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेब–साईट पर दी जायेगी। निविदा जमा एवं खोलने सम्बन्धी विवरण निम्नानुसार है:–

| सं.क्र. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | Published Date | 03-08-2022 | निविदा आन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर भी दर्शित है। |
| 02 | Document Download/Sale Start Date | 03-08-2022 | |
| 03 | Bid Submission Start Date | 03-08-2022 | |
| 04 | Document Download/Sale End Date | 16-08-2022 | |
| 05 | Bid Submission End Date | 16-08-2022 | |
| 06 | Bid Opening Date | 17-08-2022 | |

निविदा सम्बन्धी सामान्य जानकारी विश्वविद्यालय की वेब–साईट www.bubhopal.ac.in पर भी अवलोकनार्थ उपलब्ध हैं। विश्वविद्यालय द्वारा जारी प्रथम निविदा क्रमांकः 186/भण्डार/2022 दिनांकः 17–05–2022 में जिन फर्मो द्वारा भाग लिया गया है। उन्हें पुनः द्वितिय निविदा में भाग लेने की आवश्यकता नहीं है।

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

कुलसचिव

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

**टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन निविदा – वर्ष 2022**

**भाग – 1**

**निविदा आवेदन एवं प्रक्रिया संबंधी जानकारी**

1.1 निविदा प्रपत्र वेबसाईट https://mptenders.gov.in से डाउनलोड करें। निविदा सम्बन्धी सामान्य जानकारी विश्वविद्यालय की वेब साइट www.bubhopal.ac.in पर भी अवलोकनार्थ उपलब्ध हैं।

1.2 यह निविदा बरकतउल्ला विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित युवा उत्सव, दीक्षांत समारोह, सेमीनार, कानफ्रेन्स, खेल प्रतियोगिताओं आदि में टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन हेतु निविदा आमंत्रित की जा रही हैं।

1.3 टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन की निविदा को वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर आन–लाईन पद्धति से प्रस्तुत किया जाना हैं। निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेब–साईट पर दी जावेगी। निविदा का अनुमानित मूल्य रू. 25,00,000=00 (रूपये पच्चीस लाख मात्र) है।

1.4 निविदा आन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का विवरण निम्नानुसार है:–

| सं.क्र. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | Published Date | 03-08-2022 | निविदा आन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर भी दर्शित है। |
| 02 | Document Download/Sale Start Date | 03-08-2022 | |
| 03 | Bid Submission Start Date | 03-08-2022 | |
| 04 | Document Download/Sale End Date | 16-08-2022 | |
| 05 | Bid Submission End Date | 16-08-2022 | |
| 06 | Bid Opening Date | 17-08-2022 | |

1.5 यदि निविदा खुलने की दिनांक को अपरिहार्य कारणों से निविदा यदि नहीं खोली जा सकती तो निविदाएं आगामी कार्यदिवस पर खोली जाएगी।

<u>प्रक्रिया–1</u>: निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 1,000=00 (रूपये एक हजार मात्र) हैं तथा सुरक्षा निधि रूपये 50,000=00 (रूपये पचास हजार मात्र) हैं। यह राशि आन लाइन जमा किया जाना हैं। जमा की दोनों रसीदों को निविदा के साथ अपलोड करना हैं।

<u>प्रक्रिया–2</u> : तत्पश्चात उपरोक्त प्रक्रिया 1 में योग्य पायी जाने वाली फर्मो की ही तकनीकी निविदा देखी जावेगी। तकनीकी निविदा के भाग–2 में दर्शित दस्तावेज फर्म की सील एवं हस्ताक्षरित दस्तावेज स्केन कर अपलोड किए जाने हैं।

<u>प्रक्रिया–3</u> : तत्पश्चात उपरोक्त प्रक्रिया–2 में योग्य पायी जाने वाली फर्मो की ही वित्तीय निविदा खोली जावेगी। वित्तीय निविदा को आन–लाईन प्रस्तुत किया जाना हैं।

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
...उल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

## भाग – 2
## निविदा की अर्हकारी शर्तें

2.1 संस्था द्वारा पिछले तीन वित्तीय वर्षों (2017–18, 2018–19, 2019–20) में मान्यता प्राप्त संस्था हेतु टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन का कार्य किया हो । सम्बन्धित संस्था का कार्य आदेश /प्रमाण पत्र की छाया प्रति प्रमाण स्वरूप अपलोड करें।

2.2 पिछले तीन वित्तीय वर्षों (2017–18, 2018–19, 2019–20) में न्यूनतम 50–00 लाख प्रतिवर्ष का टर्न ओवर का होना अनिवार्य है। **फर्म के टर्न ऑव्हर की चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट से प्रमाणित छाया प्रतिलिपि संलग्न करना अनिवार्य है। इन वर्षों के अंकेक्षित लेखे/ बैलेन्सशीट भी संलग्न करें।**

2.3 निविदा में भाग लेने वाली फर्म किसी भी शासकीय संस्था से कभी भी ब्लेक लिस्टेड नहीं होना चाहिए। इस बाबत निविदाकर्ता फर्म को मूल शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है जो रू0 100=00 के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित कर अपलोड करें। (संलग्न प्रारूप अनुसार)

2.4 निविदा प्रपत्र एवं संलग्न प्रपत्रों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदाकर्ता द्वारा फर्म की मोहर लगाकर हस्ताक्षर करें।

2.5 निविदा के साथ निम्नांकित दस्तावेजों की स्केन प्रति जिस पर फर्म के सील सहित हस्ताक्षर होने चाहिए निविदा के साथ अपलोड करें:–
(क) जी0एस0टी0 (GST) नंबर की छाया प्रति संलग्न करें।
(ख) रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें।

2.6 पिछले तीन असेसमेन्ट वर्षों (2017–18, 2018–19, 2019–20) इनकम टेक्स रिटर्न छायाप्रति भी संलग्न करे।

2.8 निविदा केवल निर्धारित प्रपत्र में ही स्वीकार की जावेगी। प्रपत्र का मूल्य रूपये 1,000=00 वापसी योग्य नहीं है।

2.9 टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन हेतु निविदा में दर्शित दोनों प्रकार के कार्य हेतु, भोपाल टेन्ट हाउस एसोसियेशन की दर सूची जो कि टेन्ट कार्य हेतु दिनांकः 01–01–2014 से प्रभावशील है। इसी प्रकार लाईट एसोसियेशन, भोपाल की दर सूची जो कि लाईट के कार्य हेतु दिनांकः 01–04–1998 से प्रभावशील है। दोनों प्रकार के कार्य को मिलाकर एक ही डिस्काउन्ट वित्तीय निविदा **प्रपत्र–ए–2** – में दर्शित किया जाना आवश्यक है। टेन्ट तथा लाईट कार्य हेतु पृथक–पृथक डिस्काउन्ट दर्शित करने पर निविदा अमान्य कर दी जावेगी ।

भण्डार अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

## भाग – 3
## निविदा की अन्य शर्तें

3.1 सफल निविदाकर्ता को विश्वविद्यालय के साथ एक अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर करना होगा। अनुबंध की शर्तों के उल्लंघन पर सुरक्षा निधि राशि को राजसात किया जा सकेगा।

3.2 पात्र पाई गयी संस्था से प्रथमतः एक वर्ष के लिए अनुबंध किया जाएगा। अनुबन्ध के पूर्व निविदा मे प्रस्तुत दस्तावेजों का सत्यापन किया जावेगा। यदि फर्म द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों में कोई विसंगति अथवा जानकारी असत्य पायी जाती है तो निविदा को निरस्त करने, सुरक्षा निधि जब्त करते हुए फर्म को ब्लेकलिस्ट करने का अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित होगा।

3.3 विश्वविद्यालय द्वारा फर्म की कार्य क्षमता एवं गुणवत्ता को देखते हुए, अनुबंध की अवधि को आपसी सहमति से अधिकतम 3 वर्ष तक (एक बार में एक वर्ष) के लिए बढ़ाया भी जा सकता हैं।

3.4 दोनों पक्षों में से यदि कोई भी पक्ष निविदा समाप्त करना चाहता है तो उसे न्यूनतम 03 माह की पूर्व सूचना देना आवश्यक हैं।

3.5 निविदाकर्ता फर्म द्वारा प्रदाय की जाने वाली टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन सामग्री अच्छी स्थिति में, साफ सुथरी एवं उत्तम क्वालिटी की होनी चाहिए। गन्दी, पुरानी तथा खराब टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन सामग्री का उपयोग विश्वविद्यालय के कार्य हेतु किये जाने पर धरोहर राशि जब्त कर भुगतान देयक से निविदा में दिए विवरण अनुसार विश्वविद्यालय अपने विवेकानुसार कटौति के लिए अधिकृत होगा।

3.6 टेन्ट हेतु भोपाल टेन्ट हाउस एसोसियेशन एवं लाईट डेकोरेशन हेतु टेन्ट एण्ड लाइट एसोसियेशन, भोपाल की नवीनतम दर सूची (निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न) पर निविदाकर्ता द्वारा देय अधिकतम डिस्काउन्ट के आधार पर निविदा का निर्णय लिया जाएगा। वाटरप्रूफ टेन्ट की दर पृथक से दर्शित कर डिस्काउन्ट वित्तीय निविदा मे अंकित करें।

3.7 भोपाल टेन्ट हाउस एसोसियेशन एवं टेन्ट एण्ड लाइट एसोसियेशन, भोपाल की दर सूची में अन्य उल्लेखित नियम एवं शर्ते विश्वविद्यालय द्वारा मान्य नहीं होंगी।

3.8 निविदा में स्वीकृत सूची के अतिरिक्त यदि किसी सामग्री की आवश्यकता होती है, तो शासकीय (केन्द्रीय/राज्य) संस्था की स्वीकृत निविदा की दरों अथवा न्यूनतम 3 व्यवसायिक संस्थानों की प्रचलित दरों की तुलना कर, उनमें से न्यूनतम दर को मान्य किया जावेगा।

3.9 प्रदाय टेन्ट सामग्री एवं लाईट डेकोरेशन सामग्री सन्तोषजनक न होने या निविदाकर्ता द्वारा शर्तों का पालन नहीं करने की स्थिति में निविदाकर्ता का आदेश बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा किसी भी समय बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त किया जा सकता है एवं धरोहर राशि जब्त की जावेगी।
इसमें जो भी आर्थिक हानि होगी उसकी वसूली स्वीकृत निविदाकर्ता से की जावेगी। ऐसी परिस्थिति में भुगतान से यथोचित कटौति निविदा में दिए विवरण अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा किया जाएगा।

3.10 टेन्ट सामग्री फिटींग एवं लाईट डेकोरेशन कार्य में नियोजित कारीगर एवं श्रमिकों को श्रम नियमों के अन्तर्गत् न्यूनतम वेतन अधिनियम के अधीन वेतन देने तथा ई0पी0एफ0 एवं ई0एस0आई0 एक्ट, कान्ट्रेक्ट लेबर एक्ट के प्रावधानों (इनमें से जो भी लागू हो) के अनुपालन में समस्त जिम्मेदारी निविदाकर्ता फर्म की होगी। फर्म द्वारा बाल श्रमिकों को नियोजित नहीं किया जाएगा।

3.11 टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन सामग्री की लोडिंग, अनलोडिंग तथा फिटिंग कार्य हेतु कारीगर एवं श्रमिकों की व्यवस्था फर्म द्वारा अपने व्यय पर की जाएगी ।

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

3.12 टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन व्यवस्था के लिए केन्द्र/राज्य शासन एवं स्थानीय निकायों द्वारा समय-समय पर अधिरोपित टैक्स एवं ड्यूटीज का भुगतान समय पर अनिवार्य रूप से करने का उत्तरदायित्व निविदाकर्ता फर्म का होगा। फर्म के देयक से नियमानुसार टैक्स की कटौति विश्वविद्यालय द्वारा की जावेगी।

3.13 यदि टैन्ट एवं लाईट डेकोरेशन सामग्री के लोडिंग, अनलोडिंग, सामग्री फिटिंग के समय, सामग्री की त्रुटिपूर्ण फिटिंग आदि के कारण विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में कोई दुर्घटना घटित होती है तो इसका समस्त जान माल का उत्तरदायित्व निविदाकर्ता फर्म का होगा।

3.14 टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन सामग्री में किसी भी कारणवश हुए टूट-फूट की समस्त जिम्मेदारी निविदाकर्ता फर्म की होगी एवं इस सम्बन्ध में फर्म का कोई भी दावा मान्य नहीं किया जाएगा।

3.15 आयोजन स्थल पर टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन कार्य के लिए आवश्यक बिजली एवं पानी की व्यवस्था विश्वविद्यालय द्वारा की जाएगी। कार्य के लिए आवश्यक सामग्री सीढ़ी आदि की व्यवस्था निविदाकर्ता फर्म द्वारा की जाएगी।

3.16 टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन सामग्री प्रदाय में त्रुटि या विलम्ब होने पर 2% से 10% की राशि की कटौति फर्म द्वारा प्रस्तुत देयक की जावेगी। (दण्ड अधिरोपित करने का निर्णय कुलपतिजी के विवेकाधीन होगा।)

3.17 टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन सामग्री प्रदाय की दरें F.O.R. बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल अथवा भोपाल में विश्वविद्यालय द्वारा बताए गए स्थान पर होगी।

3.18 दरें कर रहित (Without tax) होंगी। यदि कर लागू हो तो उसका अलग से कर की दर सहित उल्लेख करें। इसकी जानकारी वित्तीय निविदा प्रपत्र में देवें।

3.19 निविदा में सफल फर्म द्वारा प्रस्तुत देयकों में जी.एस.टी. का भुगतान फर्म को किया जावेगा। देयकों से आयकर की कटौति की जावेगी। नियमानुसार जी.एस.टी. टी.डी.एस. की कटौति की जावेगी।

3.20 जो निविदा मान्य नहीं होगी उनकी सुरक्षा निधि नियमानुसार लौटा दी जावेगी।

3.21 स्वीकृत/अस्वीकृत निविदा के साथ जमा की गई धरोहर राशि पर किसी भी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।

3.22 निविदा पूर्ण या आंशिक रूप से स्वीकृत/अस्वीकृत करने तथा किसी भी स्तर पर सकारण निरस्त करने का पूर्ण अधिकार बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।

3.23 निविदाकर्ता द्वारा सेफ्टी नार्मस का पालन करना होगा।

3.24 निविदा प्रक्रिया के संबंध में किसी भी प्रकार की व्याख्या (Interpretation)का प्रश्न उपस्थित होने पर कुलपति बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का निर्णय अंतिम होगा।

3.25 निविदा विषयक विवाद में अंतिम निर्णय कुलपति, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल का होगा।

3.26 जिन निविदाकर्ता फर्मो द्वारा निविदा की सभी शर्तें पूर्ण की है उन पात्र/योग्य निविदाकारों द्वारा दी गई वित्तीय दर समान होने पर उन फर्मो के विगत तीन वित्तीय वर्षो (2017-18, 2018-19, 2019-20) के टर्न ओवर का औसत अधिक होगा। उस फर्म को चयन किया जावेगा। इस संबंध में किसी का दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

3.27 न्यायालयीन विवाद की स्थिति में क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय होगा।

अनुभाग अधिकारी (क्रय) बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

## भाग – 4
### टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन सामग्री का विवरण

(अ) टेन्ट की की दर सूचीः–

पंजीयन क्रमांक : 10589/2002

# भोपाल टेन्ट हाउस एसोसियेशन

(सम्बद्ध फेडरेशन ऑफ म.प्र. टेन्ट एसोसियेशन)

For Vishal Elect. & Tent House

Proprietor

**रेट लिस्ट 01/01/2014 से प्रभावशील**

रेट प्रतिदिन प्रति नग

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पाईप थाल रनिंग फुट | 30/- | फॉम चेयर | 100/- | गैस भट्टी | 200/- |
| पाईप पंडाल 15' ऊंचाई | 8/- प्रति वर्गफुट | फॉम सोफा 2 सीटर | 300/- | गैस भट्टी डबल | 300/- |
| पाईप पंडाल 10' ऊंचाई | 6/- प्रति वर्गफुट | सोफा 3 सीटर | 500/- | भगोना बड़ा | 100/- |
| कनात | 100/- | सोफा कवर | 100/- | कड़ाई | 100/- |
| दरी 8' x 10' | 50/- | स्टेज चेयर | 300/- | परात | 100/- |
| बिछात प्रति वर्गफुट | 1.20/- | वेडिंग चेयर जोड़ा | 1100/- | तई | 100/- |
| परदा 15' x 10' | 200/- | तख्त डेढ़ फिट (वर्गफुट) | 10/- | ट्रे | 20/- |
| गलीचा वूलन वर्गफुट | 6/- | तख्त तीन फिट (वर्गफुट) | 15/- | बाल्टी | 20/- |
| रोल मेटिंग वूलन वर्गफुट | 6/- | तख्त 5 फिट एवं 6 फिट | 30/- | हमाम दस्ता | 20/- |
| सिन्थेटिक कारपेट वर्गफुट | 2/- | स्टेज सीढ़ी डेढ़ फिट | 100/- | रायतादान/सागदान | 10/- |
| सिन्थेटिक प्रिन्टेड कारपेट वर्गफुट | 3/- | स्टेज सीढ़ी तीन फिट | 200/- | ग्लास स्टेंड | 10/- |
| टेबल क्लाथ 4' x 6' | 20/- | वाश बेसिन स्टील | 300/- | जग | 10/- |
| टेबल क्लाथ 4' x 10' | 40/- | पंखा | 200/- | थाली सेट | 10/- |
| टेबिल | 40/- | कूलर | 500/- | फुल प्लेट | 3/- |
| टेबल फ्रिल | 50/- | पाईप गेट | 500/- | फुल प्लेट एक्रीलिक | 6/- |
| गद्दा | 15/- | पाईप स्टाल | 300/- | डोंगा | 8/- |
| गद्दा फॉम | 40/- | मण्डप | 500/- | राईस (प्लेट) | 8/- |
| रजाई | 20/- | कॉफी मशीन (3 घण्टे) | 500/- | ग्लास (कांच) | 2/- |
| रजाई कवर | 20/- | सेंट स्प्रे मशीन | 1100/- | कटोरी | 1/- |
| तकिया मय कवर | 10/- | पाईप कवर | 20- | टी/टेबल स्पून | 1/- |
| रंगीन चादर बिस्तर | 15/- | शैफिंग डिश (बिना फ्यूल) | 100/- | सर्विस स्पून | 5/- |
| सफेद चादर (बिस्तर) | 20/ | शैफिंग डिश स्पेशल (बिना फ्यूल) | 200/- | राईस स्पून | 5/- |
| लोड मय कवर | 20/- | खाना पट्टी | 20/- | करछी | 5/- |
| कम्बल | 20/- | ड्रम | 50/- | डस्टबिन | 50/- |
| कम्बल कवर | 15/- | स्टील टंकी | 50/- | कुर्सी कवर | 20/- |
| पलंग | 60/- | टी कन्टेनर | 150/- | कुर्सी बो | 10/- |
| कुर्सी फायबर | 15/- | टब | 50/- | साईड एण्ट्री | 100/- |

उपरोक्त दर बगैरे कर के अंकित है।

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

(स) लाईट सामग्री की दर सूचीः–

# टेन्ट एण्ड लाइट ऐसोसिएशन, भोपाल

रेट प्रतिदिन प्रति नग

1.4.98 से प्रभावशील

## रेट लिस्ट

### ग्रुप –A

| | | |
|---|---|---|
| 1. | टयूब लाइट | 12.00 |
| 2. | झालर रंगीन/सफेद 6.2V | 12.00 |
| 3. | नियार 6.2 बड़ी | 80.00 |
| 4. | नियार 6.2 छोटी | 40.00 |
| 5. | झूमर छोटा 230V | 20.00 |
| 6. | झूमर मीडियम | 35.00 |
| 7. | झूमर बड़ा | 40.00 |
| 8. | झूमर 3 बल्ब 230V | 80.00 |
| 9. | झूमर बड़ा स्पेशल | 100.00 |
| 10. | हैलोजन लाईट | 60.00 |
| 11. | फिलड लाइट 500w | 35.00 |
| 12. | झूमर छोटा 110V | 20.00 |
| 13. | झूमर मीडियम 110V | 40.00 |
| 14. | झूमर बड़ा 100V | 50.00 |
| 15. | झूमर 3 बल्ब 110V | 70.00 |
| 16. | झूमर स्पेशल 110V | 150.00 |
| 17. | नियार गेट | 201.00 |
| 18. | महफिल झूमर | 400.00 |
| 19. | हण्डी | 30.00 |
| 20. | बल्ब200/230V मय होल्डर | 10.00 |
| 21. | बल्ब 100/60/40w मय होल्डर | 7.00 |
| 22. | बल्ब 25/15w मय होल्डर | 6.00 |
| 23. | बल्ब 25/15w मय बटन होल्डर | 7.00 |
| 24. | बल्ब 200 वाट 110V | 18.00 |
| 25. | बल्ब100/60w 110V | 12.00 |
| 26. | गत्तकारी पेपर लेम्प | 80.00 |
| 27. | रनिंग बल्ब 15/25w | 8.00 |
| 28. | रनिंग नियार 6.02w | 120.00 |
| 29. | मिनीएचर बल्ब डेकोरेशन आइटम | 100.00 |
| 30. | रनिंग झूमर (सेन्ट्रल) | 40.00 |
| 31. | लेम्प पोस्ट डूम | 100.00 |
| 32. | डकिट झूमर | 100.00 |
| 33. | रेलिंग हट | 200.00 |
| 34. | मेटर आईलाईट 400w/250w | 400.00 |
| 35. | सेन्टर रिंग मोती | 1800.00 |
| 36. | हेलोजन लेम्प पोस्ट | 150.00 |
| 37. | कनेक्शन चार्ज, फेन, कूलर, थ्रमाफी मशीन, वीडियो फोआरा डीजल भट्टी | 30.00 प्रति कनेक्शन |
| 38. | सर्विस लाइन थ्री फेस (अधिकतम 30 मीटर) | 300.00 |
| 39. | सर्विस लाइन सिंगल फेस (अधिकतम 30 मीटर) | 200.00 |

### ग्रुप –B

| | | |
|---|---|---|
| 40. | झूमर सादा (सिटी, पुराना भोपाल) | 80.00 |
| 41. | झूमर सादा (टी.टी.नगर) | 100.00 |
| 42. | डिस्को लाइट | 150.00 |
| 43. | पेपर लेम्प | 150.00 |
| 44. | रथ सेट जीप सहित | 2000.00 |
| 45. | जनरेटर 5KW | 1000.00 |
| 46. | जनरेटर 10KW | 2000.00 |
| 47. | जनरेटर 40KW | 4000.00 |
| 48. | जनरेटर 125KW | 6000.00 |

### ग्रुप –C

| | | |
|---|---|---|
| 49. | स्पाट लाइट 1000W | 300.00 |
| 50. | स्पाट लाइट 500W | 200.00 |
| 51. | फ्लीकलिंग लाइट | 100.00 |
| 52. | डिमर 1KW | 200.00 |
| 53. | डिस्को लाइट | 75.00 |

### ग्रुप –D

| | | |
|---|---|---|
| 54. | सी.डी.प्लेयर | 1200.00 |
| 55. | स्पीकर डेक (अधिकतम 5 घण्टे) | 600.00 |
| 56. | लाउडस्पीकर बेटरी सहित (एनाउन्समेंट के लिए) | 150.00 |
| 57. | लाउडस्पीकर (दो हार्न एक माईक के साथ) | 300.00 |

... लाईट व टेन्ट डेकोरेटर

उपरोक्त दर बगैरे कर के अंकित है।

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

**शपथ पत्र**
**रू. 100/– के स्टाम्प पेपर पर**
**नोटरी से सत्यापित**

मैं——————————————द्वारा प्रोप्राइटर मेसर्स——————————————

निम्नलिखित कथन शपथ लेकर कहता हूँ कि:–

(1) यह कि फर्म को किसी भी शासकीय संस्था/उपक्रम से कभी भी ब्लैकलिस्टेड नहीं किया गया हैं।

(2) यह कि फर्म पर सम्बन्धी कोई कानूनी विवाद में न्यायालय द्वारा दण्डित नहीं किया गया है।

(3) यह कि फर्म पर किसी शासकीय संस्था/उपक्रम की देनदारी शेष नहीं है तथा किसी बैंक से दिवालिया घोषित नहीं किया गया है।

(4) यह कि निविदा में प्रस्तुत अथवा शपथ पत्र में पाई गई जानकारी असत्य पाये जाने पर मेरी निविदा को निरस्त करने, सुरक्षा निधि राशि जब्त करते हुए फर्म को ब्लेक लिस्ट करने का अधिकार बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल को होगा।

**निम्नानुसार दस्तावेजों फर्म की सील एवं हस्ताक्षर सहित स्केन कापी अपलोड की जाना हैं। दस्तावेज स्पष्ट एवं पठनीय होना चाहिए इसके अभाव निविदा विचारणीय नहीं होगी।**

| सं0 क्रं0 | विवरण | संलग्न जानकारी का विवरण | फर्म द्वारा प्रस्तुत निविदा के दस्तावेजों का पृष्ठ क्रं. |
|---|---|---|---|
| 01 | निविदा प्रपत्र के मूल्य रूपये 1,000=00 (रूपये एक हजार मात्र) आन लाईन जमा की रसीद। | Bank/UTR No.<br>DT.:- | |
| 02 | सुरक्षा निधि की राशि रूपये 50,000=00 (रूपये पचास हजार मात्र) आन लाईन जमा की रसीद | Bank/UTR No.<br>DT.:- | |
| 03 | संस्था द्वारा पिछले तीन वित्तीय वर्षो (2017–18, 2018–19, 2019–20) में मान्यता प्राप्त संस्था हेतु टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन का कार्य किया हो। सम्बन्धित संस्था का कार्य आदेश /प्रमाण पत्र की छाया प्रति प्रमाण स्वरूप अपलोड करें। | वित्तीय वर्ष 2017–18 के कार्यादेश की राशि:————<br>वित्तीय वर्ष 2018–19 के कार्यादेश की राशि:————<br>वित्तीय वर्ष 2019–20 के | |



अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | कार्यादेश की राशि:-- ---------- | |
| 04 | पिछले तीन वित्तीय वर्षों (2017–18, 2018–19, 2019–20) में न्यूनतम 50.00 लाख प्रतिवर्ष का टर्न ओवर का होना अनिवार्य हैं। **<u>फर्म के टर्न ऑव्हर की चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट से प्रमाणित छाया प्रतिलिपि संलग्न करना अनिवार्य हैं। इन वर्षो के अंकेक्षित लेखे/ बैलेन्सशीट भी संलग्न करें।</u>** | वित्तीय वर्ष 2017–18 में टर्न ओवर की राशि रू. :------------------ | |
| | | वित्तीय वर्ष 2018–19 में टर्न ओवर की राशि रू. :------------------ | |
| | | वित्तीय वर्ष 2019–20 में टर्न ओवर की राशि रू. :------------------ | |
| | | वित्तीय वर्ष 2017–18 में बेलेन्सशीट का पृष्ठ क्रमांक | |
| | | वित्तीय वर्ष 2018–19 में बेलेन्सशीट का पृष्ठ क्रमांक | |
| | | वित्तीय वर्ष 2019–20 में बेलेन्सशीट का पृष्ठ क्रमांक | |
| 05 | निविदा में भाग लेने वाली फर्म किसी भी शासकीय संस्था से कभी भी ब्लेक लिस्टेड नहीं होना चाहिए। इस बाबत निविदाकर्ता फर्म को मूल शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है जो रू0 100=00 के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित कर अपलोड करें। (संलग्न प्रारूप अनुसार) | | |
| 06 | जी0एस0टी0 (GST) नंबर की छाया प्रति संलग्न करें। | जी0एस0टी0 (GST) नंबर:------------------ | |
| 07 | रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें। | रजिस्ट्रेशन संस्था का नाम:------------------<br>नम्बर:------------------<br>वैधता दिनांक:------------- | |
| 08 | पिछले तीन असेसमेन्ट वर्षो (2017–18, 2018–19, 2019–20) इनकम टेक्स रिटर्न छायाप्रति भी संलग्न करे। | असेसमेन्ट वर्ष 2017–18 में जमा आयकर की राशि रू. :------------------ | |
| | | असेसमेन्ट वर्ष 2018–19 में जमा आयकर की राशि रू. :------------------ | |
| | | असेसमेन्ट वर्ष 2019–20 में जमा आयकर की राशि रू. :------------------ | |
| 10 | निविदा प्रपत्र ए–1 संलग्न करें। | | |

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

**प्रपत्र ए–1**
**(निविदा प्रपत्र)**

प्रति,

कुलसचिव,
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

विषयः– टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन हेतु निविदा वर्ष 2022 बाबत।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि हमारी संस्था की जानकारी निम्नानुसार हैः–

| सं0 क्र0 | विवरण | |
|---|---|---|
| 01 | फर्म का नाम | |
| 02 | पत्र व्यवहार का पता | |
| 03 | फर्म के प्रतिनिधि का नाम | |
| 04 | पदनाम | |
| 05 | दूरभाष नम्बर (मोबाईल एव लेन्डलाईन) | |
| 06 | ई–मेल एड्रेस | |

## प्रमाण–पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि निविदा में दर्शित शर्तों के अनुसार "टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन हेतु निविदा वर्ष–2021' का कार्य पूर्णतः करने को अपनी सहमति प्रदान करते हैं।

शपथग्रहीता

## सत्यापन

मैं उपरोक्त शपथग्रहीता सत्यापित करता हूँ कि मेरे द्वारा निष्पादित उक्त शपथ पत्र में वर्णित कथन मेरे निजी ज्ञान व विश्वास अनुसार पूर्ण सत्य हैं।

शपथग्रहीता

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

प्रपत्र ए–2

(वित्तीय निविदा)

| | |
|---|---|
| फर्म का नाम | |

| सं.क्र | विवरण | डिस्काउन्ट का प्रतिशत |
|---|---|---|
| 1 | टेन्ट एवं लाईट डेकोरेशन कार्य हेतु भोपाल टेन्ट हाउस एसोसियेशन दर सूची (दिनांक: 01–01–2014 से प्रभावशील) एवं टेन्ट एण्ड लाईट ऐसोसियेशन भोपाल की दर सूची (दिनांक: 01–04–1998 से प्रभावशील) में दर्शित सामग्री | |
| 2 | वाटरप्रूफ की दर प्रति वर्गफुट रू. में एवं डिस्काउन्ट का प्रतिशत | |

टीप:– (1) दोनों प्रकार के कार्य (टेन्ट एवं लाईट) को मिलाकर दर सूची का एक ही डिस्काउन्ट प्रतिशत दिया जाना चाहिए पृथक-पृथक दो डिस्काउन्ट मान्य नहीं होगा।

(2) दर बगैर कर के अंकित की जाये। जी.एस.टी. कर का विवरण अलग से देवे।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कर का नाम एवं दर: | |
| 2 | कर का नाम एवं दर: | |
| 3 | कर का नाम एवं दर: | |

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल